रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-09012020-215269
CG-DL-E-09012020-215269

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 7] नई दिल्ली, बुधवार, जनवरी 1, 2020/पौष 11, 1941
No. 7] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 1, 2020/ PAUSHA 11, 1941

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 जनवरी, 2020

का.आ. 7(अ).—भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1943(अ), तारीख 11 जून, 2019, द्वारा एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी जिसमें ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना में अन्तर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना में अन्तर्विष्ट राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 11 जून, 2019, को उपलब्ध करा दी गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के बारे में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर मंत्रालय में विचार किए गए थे;

और, कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य (सी एन डब्ल्यू एल एस) की स्थापना जी.ओ (एमएस) सं.30 पर्यावरण और वन विभाग तारीख 24 फरवरी, 2014 द्वारा की गई थी और तमिलनाडु सरकार के राजपत्र अधिसूचना में बुलेटिन सं.10 तारीख 12 मार्च, 2014 में प्रकाशित की गई थी;

और, अभयारण्य उत्तर अक्षांश 12.2557° उ से 12.6846° उ और पूर्व देशांतर 77.5812° पू से 77.9739° पू के स्थित है और यह कृष्णगिरि जिला के उत्तर पश्चिमी भाग में अवस्थित है। अभयारण्य का कुल भौगोलिक क्षेत्र 504.33 वर्ग किलोमीटर है और होसुर और धर्मपुरी वन संभागों के चौबीस रिज़र्व वनों में फैला हुआ है। कुल क्षेत्रफल में से, 493.33 वर्ग किलोमीटर कृष्णगिरि जिला के देनकनीकोट्टई तालुक में स्थित है और धर्मपुरी जिला के पालाकोड तालुक में 11 वर्ग किलोमीटर में स्थित है;

और, अभयारण्य समृद्ध वनस्पति और जीवजन्तु विविधता के लिए जाना जाता है। चूंकि, यह कर्नाटक के बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान और कावेरी वन्यजीव अभयारण्य के निकटस्थ है, अतः संरक्षित क्षेत्र कई जंगली पशुओं के लिए एक आदर्श पर्यावास के रूप में जाना जाता है। कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य ब्रह्मगिरि-नीलगिरि-पूर्वी घाट हाथी भू-दृश्य का भाग है और यह नीलगिरि-पूर्वी घाट हाथी रिज़र्व भी है। तमिलनाडु और कर्नाटक में फैले वनों निकटस्थ भू-दृश्य वन्यजीवों के विभिन्न रूपों के लिए एक आदर्श वास प्रदान करता है;

और, अभयारण्य तमिलनाडु के नीलगिरि पहाड़ियों, कर्नाटक के बांदीपुर-नागरहोल संरक्षित क्षेत्र, केरल के वायनाड, कर्नाटक के बिलिगिरिरंगनाथस्वामी मंदिर अभयारण्य के समीप सथ्यामंगलम बाघ रिज़र्व और धर्मपुरी वन संभाग मिश्रित भू-भाग से जुड़ा है;

और, अभयारण्य में समृद्ध वनस्पति और जीवजन्तुओं की विविधता में समृद्ध है। इसमें पौधों की 468 प्रजातियों, स्तनधारियों की 36 प्रजातियों, पक्षियों की 272 प्रजातियों और तितलियों की 172 प्रजातियाँ हैं जिसमें दुर्लभ, स्थानिक और लुप्तप्राय प्रजातियां जैसे ग्रिज़लड जेंट गिलहरी, फोर-होर्नड एन्टिलोप, तेंदुआ, हाथी, ढोले, रीछ आदि शामिल हैं। यह निकटस्थ और मिश्रित भू-दृश्य वन्यजीवों के प्रवास में मदद करता है और इसलिए एशियाई हाथियों, बंगाल बाघ, तेंदुए, आदि जैसे बड़े स्तनधारियों के लिए एक संभावित गलियारे के रूप में कार्य करता है। वन्यजीवों विशेषकर हाथियों की आवाजाही विभिन्न सुरक्षा और संरक्षण उपायों के माध्यम से ही संभव है;

और, अभयारण्य में वनस्पति और जीवजन्तुओं की बृहत् विविधता है। वनस्पति के उदाहरणों में अलिंगी मरम (*अलंगियम सालविफोलियम*), थुरिनजी मरम (*अल्बिजिया अमारा*), करुवागई मरम (*अल्बिजिया ओडोराटिसिमा*), वेल नगामाराम/वक्काली (*अनोगीसस लैटिफोलिया*), कत्तू एलुमिचाई (*अटलांटिया मोनोफाइला*), कडप्पाई मरम (*बरिंगटोनिया एकुटान्गुला*), अथी मरम (*बौहिनिया रेसेमोसा*) हैं। जीवजन्तु के उदाहरणों में एशियन *हाथी (एलिफस मैक्सिमस)*, मुंजक *(मुंटियाकस मुंतजैक)*, ब्लैक नैप्ड *खरगोश (लेपस नाइग्रीकोलिस)*, लघु पुच्छ वानर *(मैकाका रेडिएट)*, सामान्य लंगूर *(सेम्नोपिथेकस एसपीपी)*, *सामान्य* पॉम सिवेट *(पैगुमा लार्वाटा)*, चौसींगा मृग (*टेटरासेरेस क्वाडरिकोरनिस*) शामिल हैं;

और, अभयारण्य में पक्षी-जीव विविधता बृहत् और विविध है अभयारण्य में पक्षियों के कुछ उदाहरण ग्रे फ्रैंकोलिन (*फ्रांसोलिनस पॉन्डिसारियनस*), जंगली बुश बटेर (*पेर्डिकुला एशियाटिक*), पेंटड बुश बटी (*पेर्डिकुला एरिथ्रोरिन्चा*), लाल स्पुरोफ्ल (*गैलोपेरडिक्स स्पैडिसिया*), ग्रे जंगली मुरगा (*गैलस सोनेराटी*), भारतीय मोर (*पावो*

क्रिस्टेटस), लेसर व्हिस्लिंग कबूतर (*डेंड्रोसीग्रा जावानिका*), भारतीय स्पॉट-बिलड कबूतर (*एनास पॉलीसिलोरिन्चा*), उत्तरी शोवेलेर (*अनस क्लाइपेटा*) पाए जाते हैं;

और, अभयारण्य में 30 ग्रामों/बस्तियों के साथ 19 बाड़े शामिल हैं और ज्वालागिरि रिज़र्व वन (अभयारण्य के पश्चिमी भाग में स्थित) में संपूर्ण चेन्नामालम राजस्व ग्राम दक्षिण भारत के प्रमुख हाथी गलियारों में से एक है;

और, कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं पारिस्थितिकी पर्यावरणीय से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, जैव विविधिता की दृष्टि सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य के निकटवर्ती क्षेत्र के अलावा 1 किलोमीटर (समरुप) के साथ विस्तृत है जहां तमिलनाडु राज्य में कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर चेन्नामलम राजस्व ग्राम में शून्य और 1.75 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी-संवेदी जोन (जिसे इस अधिसूचना में इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है), के रूप में अधिसूचित करती है, जिसके विवरण निम्नानुसार है, अर्थात्:-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**-(1) कर्नाटक राज्य के निकटवर्ती क्षेत्र के अलावा 1 किलोमीटर (समरुप) के साथ विस्तृत है जहां कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर चेन्नामलम राजस्व ग्राम में शून्य और 1.75 किलोमीटर तक विस्तृत है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 301.934 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध-I** के रूप में उपाबद्ध है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का सीमांकन करने वाले संरक्षित क्षेत्र के मानचित्र **उपाबंध–IIक** से **उपाबंध–II ङ** में दिए गए है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और संरक्षित क्षेत्र की सीमा के भू निर्देशांकों की सूची **उपाबंध III** की सारणी **क** और **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में उपाबद्ध है।

2. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना–**(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हैं के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

IndiaCode

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी.-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) नगर विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग;

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में, जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों, का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मानीटर समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु यह कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत ग्रह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.-** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों/नदियों/ जलमार्गों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे:-

(i) *वन्यजीव अभयारण्य* की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि *वन्यजीव अभयारण्य* की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नये होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के उपबंधों के अनुसार पर्यावरणीय अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों)ईएसएम (का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के अधीन प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक इकाईयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो; पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.-पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियां के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	वर्णन
	अ. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होगी। (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालित होंगी ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी:

		परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	आ. विनियमित क्रियाकलाप	
8.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु यह कि स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी, जैसे:- परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित

		संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
10.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
11.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगे ।
12.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	फर्मों, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
14.	विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जा सकेगा।
15.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा ।
16.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा ।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
18.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।

	।	
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित ।
20.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात ।
21.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्तारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
22.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
23.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों को विनियमित और निगरानी सख्ती ।
24.	ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
26.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
27.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
28.	धार्मिक पर्यटन।	(i) बाड़े के रूप में होने वाले मंदिर क्षेत्र में, सभी क्रियाकलापों को जो कि ध्वनि, वायु और जल प्रदूषण के कारण विनियमित किया जा सकता है। (ii) सभी क्रियाकलापों को जो कि ध्वनि, वायु और जल प्रदूषण के कारण विनियमित किया जा सकता है। (iii) यात्रा स्थल की वहन क्षमता के आधार पर तीर्थयात्रियों की संख्या, यात्रा के समय को विनियमित किया जाएगा। त्योहार के दिनों में नियमों को शिथिल किया जाता है।
29.	पटाखे का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
30.	लकड़ी के कोयले का जलना।	लागू विधियों के अधीन प्रजनन और प्रवासी ऋतुओं के दौरान विनियमित होगा ।
31.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे ।
	इ. संवर्धित क्रियाकलाप	
32.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

	कारीगर भी हैं।	
36.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।
37.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	निम्नीकृत भूमि/ वन / वास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

क्र.सं.	**मानीटरी समिति का संघटक**	**पदनाम**
1.	जिला कलेक्टर, कृष्णागिरि	अध्यक्ष;
2.	जिला राजस्व अधिकारी, कृष्णगिरि	सदस्य;
3.	राजस्व मंडल अधिकारी / उप कलेक्टर, होसुर	सदस्य;
4.	उप निदेशक, भूविज्ञान, खान और खनिज, कृष्णगिरि	सदस्य;
5.	जिला पर्यावरण अभियंता, तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृष्णागिरि	सदस्य;
6.	राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाला गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
7.	राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाने वाला जैवविविधता का एक विशेषज्ञ	सदस्य;
8.	पारिस्थितिकी और पर्यावरण में एक विशेषज्ञ जिसे राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाएगा	सदस्य;
9.	राज्य लोक निर्माण विभाग का एक प्रतिनिधि	सदस्य;

IndiaCode

10.	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
11.	प्रभागीय वन अधिकारी, आईएफएफ विभाग, कृष्णगिरि	सदस्य;
12.	तमिलनाडु जल आपूर्ति और ड्रेनेज बोर्ड, कृष्णागिरि जिला	सदस्य;
13.	जिला वन अधिकारी, होसुर वन प्रभाग, होसुर	सदस्य सचिव।

6. निर्देश–निबंधन.- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और तत्पश्चात निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके जो पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे अनुसूची में क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले कोई आदेश, यदि कोई हों, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/34/2018-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I


संरक्षित क्षेत्र के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर पश्चिम	पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा कृष्णागिरि जिला, देनकनईकोट्टई तालुका के जवालगिरि श्रेणी के थली एक्सटेंशन रिज़र्व वन के उत्तर पूर्वी कोण से आरंभ होती है। सीमा कर्नाटक-तमिलनाडु अंतरराज्यीय सीमा के साथ थली रिज़र्व वन के पश्चिमी परम सीमा बिंदु पहुँच कर थली एक्सटेंशन रिज़र्व वन के उत्तरी सीमा के साथ पश्चिम की ओर जाती है। इसके अतिरिक्त थली रिज़र्व वन की दक्षिणी परम सीमा पहुँच कर कर्नाटक-तमिलनाडु अंतरराज्यीय सीमा के साथ दक्षिण की ओर जाती है। इसके बाद यह पूर्वी दिशा में मुड़कर और बिलालम के थली गलियारा ग्रामों से मिलती है और इसके बाद रेखा चिक्का अवेराहली ग्राम की सीमा के निकट उत्तरी दिशा में पुनः जाती है, इसके बाद यह अचुबलु राजस्व ग्राम की सीमा के साथ विस्तृत है और रेखा पूर्वी दिशा की ओर मुड़कर गिजानाकुप्पे ग्राम की ग्राम सीमा से मिलती है, इसके बाद यह मुड़कर और उत्तरी दिशा की ओर विस्तृत है और ओदारपलायम ग्राम में मिलती है, इसके बाद रेखा इसी तरह क्रमशः मिलती है और ओसुर, गंगनाहली ग्रामों की सीमा के साथ जाती है और आखिरकार यह थली एक्सटेंशन रिज़र्व वन के आरंभिक बिंदु से मिलती है।
उत्तर	सीमा नेलुमर आगराहरम से आरंभ होकर और जवालागिरि रिज़र्व वनों की दक्षिणी दिशा की ओर विस्तृत है। इसके बाद यह अनाईकराई, पंचुमनदोद्दी, जवालागिरि के ग्रामों से होते हुए जाती है और मरागाट्टादोद्दी से मिलती है। यह इसके अतिरिक्त कुलसनदोद्दी, थेरविदी, नचीपल्ली, कलुबालम, गेरागुरा, बोलाराई से होते हुए पुनः जाती है और यह पूर्वी दिशा की ओर मुड़कर और पेलमनदोद्दी ग्राम सीमा की ओर विस्तृत है। यह इसके बाद दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर कुन्दुकोट्टई ग्राम से मिलती है और इसके अतिरिक्त अरुलल्लाम से होते हुए पुनः जाती है और गोनामकनापल्ली (पनाई रिज़र्व वन) से मिलती है। इसके अतिरिक्त यह उत्तरी दिशा की ओर मुड़कर और सिवानापल्ली, मचान्दिराम से होते हुए जाती है और पूर्वी दिशा की ओर मुड़कर और बेलालम ग्राम से मिलती है और इसके बाद यह मेलुर ग्राम (गुलाटी रिज़र्व वन) से मिलती है। सीमा उत्तरी दिशा की ओर और अयुर, अरासजुर, कमासन्दीराम, दिब्बानुर तक विस्तृत है और थिप्पासन्दीराम ग्राम (अयुर एक्सटेंशन) से मिलती है। यह इसके अतिरिक्त उत्तर की ओर जाती है और बसवानाहल्ली, बलेगुली, नरप्पानाहट्टी, गुलाटी से होते हुए जाती है और आखिरकार यह लक्ष्मीपुरम ग्राम (उदेदुरगम रिज़र्व वन) से मिलती है।

उत्तर पूर्व	सीमा लक्ष्मीपुरम ग्राम से आरंभ होती है, इसके अतिरिक्त यह उत्तर पूर्वी दिशा की ओर विस्तृत है और कुदुर, गविपुरम, उ. पुरम, गुरुबरापली से होते हुए जाती है और पवादारापट्टी ग्राम से मिलती है, इसके बाद यह दक्षिणी दिशा की ओर मुड़कर और आखिरकार नेरुपुगुट्टाई ग्राम (उदेदुरगम रिज़र्व वन) की सीमा से मिलती है।
पूर्व	सीमा नेरुपुगुट्टाई से आरंभ होती है और दक्षिणी दिशा के नीचे की ओर विस्तृत है और जलाथिम्माहल्ली, पंचापली, एरी पंचापली, पारियानुर, कुरुमबारकोट्टाई, अथिमुटलु, अगराम, बेम्माहल्ली, सिंगामपट्टी की ग्राम सीमाओं से होते हुए पार करती है और अंत में पुदुर ग्राम (गलीगट्टाम रिज़र्व वन) जाती है।
दक्षिण पूर्व	सीमा पुदुर ग्राम से आरंभ होती है और पश्चिमी दिशा की ओर मुड़कर और मोराप्पुर रिज़र्व वन के निकट उचिकल मलाई से मिलती है, इसके बाद यह दक्षिणी दिशा की ओर मुड़कर उचिकल मलाई, अलेगेट्टु बाड़ा से होते हुए जाती है, आखिरकार यह गुटिरयान रिज़र्व वन में गुटिरयान मलाई के निकट मिलती है।
दक्षिण	सीमा गुटिरयान रिज़र्व वन से आरंभ होती है और पश्चिमी दिशा की ओर मुड़कर और रेखा बिलिगुंदुलु रिज़र्व वन से होते हुए जाती है और सिवालिंगापुरम के संलग्न ग्राम से मिलती है, इसके बाद यह गेरट्टी ग्राम सीमा से होते हुए और अंत में शेसाराजापुरम ग्राम (अंचेट्टी रिज़र्व वन) जाती है।
दक्षिण पश्चिम	सीमा शेसाराजापुरम ग्राम से आरंभ होती है और उबरानी रिज़र्व वन से होते हुए पार करके उत्तरी दिशा की ओर विस्तृत है और अंत में उबरानी रिज़र्व वन (अंचेट्टी संलग्न सीमा) की उत्तरी सीमा जाती है।
पश्चिम	सीमा नसी गुद्दाई, अंचेट्टी, कसालापट्टी और मरीयालम ग्रामों से होते हुए जाती है और होसादोद्दी ग्राम से मिलती है और उलीबंदा रिज़र्व वन की सीमा रेखा से होते हुए जाती है। इसके अतिरिक्त रेखा पश्चिमी दिशा की ओर मुड़कर और करादीकल, गोल्लापली, होसादोद्दी, मदाक्काल, सुलाकुन्दा, मंजीकेरे ग्रामों से होते हुए जाती है और नंदीमंगलम राजस्व ग्राम पहुँचती है। सीमा इसके अतिरिक्त पश्चिमी दिशा की ओर विस्तृत है और केबारादोद्दी ग्राम से मिलती है। यहाँ से, सीमा इसके अतिरिक्त जवालागिरि रिज़र्व वन की पश्चिमी सीमा के साथ होते हुए जाती है। सीमा इसके अतिरिक्त चेन्नामलम ग्राम की पश्चिमी सीमा के साथ पुनः जाती है और पुनः जवालागिरि रिज़र्व वन की सीमा के साथ जाती है। इसके अतिरिक्त उत्तर की ओर विस्तृत है और केमपथापली, गुरुसथाप्पानदोद्दी के ग्राम थली गलियारे से होते हुए जाती है और आखिरकार अंत में थली रिज़र्व वन की दक्षिणी परम सीमा जाती है।


उपाबंध-IIक

कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र




उपाबंध-IIख

कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र




उपाबंध-IIग

भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) टोपोशीट पर कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध-IIघ

10 किलोमीटर बफर क्षेत्र के साथ कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का भू-उपयोग मानचित्र



उपाबंध-IIङ

मुख्य अवस्थान के अक्षांश और देशांतर के साथ कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: कावेरी उत्तर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य अवस्थान के अक्षांश-देशांतर

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
1	1(एस1)	अभयारण्य के उत्तरपश्चिम बिंदु - "शून्य बिंदु"	12° 41' 2.819"	77° 39' 45.078"
2	2	उत्तरपश्चिम	12° 40' 52.084"	77° 39' 10.010"
3	3	उत्तरपश्चिम	12° 40' 44.212"	77° 38' 37.089"
4	4	उत्तरपश्चिम	12° 40' 34.192"	77° 37' 59.158"
5	5	उत्तरपश्चिम	12° 40' 18.448"	77° 37' 0.473"
6	6 (एस 39)	उत्तरपश्चिम	12° 40' 0.556"	77° 35' 58.209"
7	7	उत्तरपश्चिम	12° 38' 59.008"	77° 35' 47.474"
8	8	उत्तरपश्चिम	12° 38' 32.528"	77° 36' 1.788"
9	9	उत्तरपश्चिम	12° 38' 6.048"	77° 36' 10.376"
10	10	उत्तरपश्चिम	12° 37' 18.813"	77° 35' 42.465"
11	11	उत्तरपश्चिम	12° 36' 24.422"	77° 35' 30.298"
12	12	उत्तरपश्चिम	12° 35' 32.178"	77° 35' 23.141"
13	13 (एस 38)	उत्तरपश्चिम	12° 34' 21.326"	77° 34' 45.926"
14	14 (एस 5)	उत्तरपश्चिम – थली रिज़र्व वन	12° 33' 2.602"	77° 34' 50.936"
15	15	उत्तरपश्चिम	12° 33' 53.415"	77° 35' 33.876"
16	16	उत्तरपश्चिम	12° 34' 55.679"	77° 36' 3.935"
17	17	उत्तरपश्चिम	12° 35' 58.658"	77° 36' 9.660"
18	18	उत्तरपश्चिम	12° 35' 47.207"	77° 36' 50.454"
19	19	उत्तरपश्चिम	12° 35' 55.079"	77° 37' 37.688"
20	20	उत्तरपश्चिम	12° 36' 48.039"	77° 37' 52.002"
21	21 (एस 4)	उत्तरपश्चिम – थली रिज़र्व वन	12° 37' 38.852"	77° 37' 34.110"
22	22	उत्तरपश्चिम	12° 38' 13.920"	77° 38' 17.766"
23	23 (एस 3)	उत्तरपश्चिम – थली रिज़र्व वन	12° 38' 59.008"	77° 38' 39.952"
24	24 (एस 2)	उत्तरपश्चिम – थली रिज़र्व वन	12° 39' 49.105"	77° 39' 2.138"
25	25 (एस 8)	उत्तर -जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 32' 40.416"	77° 37' 11.924"
26	26	उत्तर	12° 32' 10.358"	77° 36' 37.571"
27	27 (एस 7)	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 32' 2.485"	77° 36' 14.670"
28	28	उत्तर	12° 31' 30.280"	77° 36' 8.229"

Indiacode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
29	29 (एस 6)	उत्तर -जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 31' 20.976"	77° 35' 30.298"
30	30 (एस 36)	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 30' 59.506"	77° 35' 12.406"
31	31 (एस 35)	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 30' 53.065"	77° 36' 41.865"
32	32 (एस 34)	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 30' 32.311"	77° 36' 56.179"
33	33	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 43.645"	77° 36' 3.219"
34	34 (एस 33)	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 28' 28.499"	77° 36' 17.533"
35	35 (एस 32)	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 47.223"	77° 37' 35.541"
36	36 (एस 31)	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 28' 5.597"	77° 37' 51.286"
37	37	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 28' 4.882"	77° 38' 14.903"
38	38	पश्चिम-जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 28' 15.617"	77° 38' 51.402"
39	39	पश्चिम - पनाई	12° 27' 14.069"	77° 38' 52.118"
40	40	पश्चिम - पनाई	12° 26' 19.678"	77° 39' 22.176"
41	41	पश्चिम - पनाई	12° 25' 41.747"	77° 40' 6.548"
42	42	पश्चिम - पनाई	12° 25' 0.953"	77° 40' 54.498"
43	43	पश्चिम - पनाई	12° 24' 8.709"	77° 41' 26.704"
44	44	पश्चिम - पनाई	12° 23' 47.239"	77° 42' 40.418"
45	45 (एस 30)	पश्चिम पनाई एक्सटेंशन के समीप रिज़र्व वन	12° 24' 10.141"	77° 42' 54.016"
46	46	पश्चिम - पनाई	12° 23' 30.063"	77° 43' 27.653"
47	47	पश्चिम - पनाई	12° 22' 44.975"	77° 43' 42.682"
48	48	पश्चिम - पनाई	12° 22' 39.250"	77° 44' 8.446"
49	49 (एस 29)	पश्चिम - पनाई	12° 22' 14.917"	77° 43' 44.113"
50	50	पश्चिम - पनाई	12° 21' 36.986"	77° 44' 22.044"
51	51	पश्चिम - पनाई	12° 21' 34.839"	77° 44' 53.534"
52	52	पश्चिम - पनाई	12° 21' 1.918"	77° 45' 8.563"
53	53	पश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 20' 16.831"	77° 45' 2.837"
54	54 (एस 28)	पश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 20' 21.841"	77° 44' 8.446"
55	55	दक्षिणपश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 19' 20.293"	77° 44' 12.024"
56	56	दक्षिणपश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 18' 6.578"	77° 43' 32.662"
57	57	दक्षिणपश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 17' 22.206"	77° 43' 56.280"

Indiacode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
58	58 (एस 27)	दक्षिणपश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 16' 27.099"	77° 44' 7.015"
59	59	दक्षिणपश्चिम – अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 16' 42.129"	77° 45' 14.288"
60	60	दक्षिण-अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 16' 54.295"	77° 46' 14.405"
61	61 (एस 26)	दक्षिण-अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 17' 17.197"	77° 47' 0.923"
62	62	दक्षिण-अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 16' 54.295"	77° 47' 30.982"
63	63	दक्षिण-अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 16' 39.266"	77° 48' 23.942"
64	64	दक्षिण-अंचेट्टी रिज़र्व वन	12° 16' 34.972"	77° 48' 58.294"
65	65 (एस 25)	दक्षिण केम्पाकराई रिज़र्व वन	12° 15' 42.728"	77° 49' 16.186"
66	66	दक्षिण केम्पाकराई रिज़र्व वन	12° 14' 53.346"	77° 49' 44.813"
67	67	दक्षिण केम्पाकराई रिज़र्व वन	12° 15' 18.395"	77° 50' 22.028"
68	68	दक्षिण- गुतिरायन रिज़र्व वन	12° 15' 45.590"	77° 50' 51.371"
69	69 (एस 24)	दक्षिण – गुतिरायन रिज़र्व वन	12° 15' 15.532"	77° 51' 34.311"
70	70	दक्षिण पूर्व- गुतिरायन रिज़र्व वन	12° 16' 11.355"	77° 52' 4.369"
71	71 (एस 23)	दक्षिण पूर्व- गुतिरायन रिज़र्व वन	12° 17' 17.912"	77° 52' 25.124"
72	72	दक्षिण पूर्व – थोलुवबेट्टा एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 18' 26.617"	77° 52' 25.124"
73	73	दक्षिण पूर्व – थोलुवबेट्टा एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 19' 27.449"	77° 52' 17.967"
74	74	दक्षिण पूर्व – गैलिगट्टम रिज़र्व वन	12° 20' 8.243"	77° 52' 42.300"
75	75	दक्षिण पूर्व – गैलिगट्टम रिज़र्व वन	12° 20' 1.086"	77° 53' 37.407"
76	76	दक्षिण पूर्व – गैलिगट्टम रिज़र्व वन	12° 19' 36.037"	77° 54' 25.357"
77	77	दक्षिण पूर्व – गैलिगट्टम रिज़र्व वन	12° 19' 31.028"	77° 55' 31.915"
78	78 (एस 21)	दक्षिण पूर्व – गैलिगट्टम रिज़र्व वन	12° 19' 52.498"	77° 55' 56.248"

IndiaCode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
79	79	पूर्व– गैलिगट्टम रिज़र्व वन	12° 20' 18.978"	77° 56' 54.217"
80	80 (एस 20)	पूर्व- गैलिगट्टम	12° 21' 10.506"	77° 57' 27.138"
81	81	पूर्व – मरंदहल्ली रिज़र्व वन	12° 22' 12.770"	77° 57' 7.099"
82	82	पूर्व – मरंदहल्ली रिज़र्व वन	12° 22' 42.828"	77° 57' 29.285"
83	83	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 23' 9.308"	77° 57' 29.285"
84	84	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 24' 7.994"	77° 58' 6.500"
85	85	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 25' 13.836"	77° 57' 56.481"
86	86	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 26' 1.786"	77° 57' 27.854"
87	87	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 26' 37.569"	77° 56' 49.208"
88	88	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 27' 9.775"	77° 56' 30.600"
89	89	पूर्व – मरंदहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 28' 10.607"	77° 56' 9.130"
90	90	पूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 28' 59.273"	77° 55' 39.071"
91	91	पूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 28' 39.234"	77° 56' 30.600"
92	92	पूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 29' 10.008"	77° 56' 47.061"
93	93	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 29' 32.910"	77° 57' 16.403"
94	94	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 30' 23.722"	77° 56' 56.364"
95	95	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 30' 12.987"	77° 57' 43.599"
96	96 (एस 19)	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 30' 54.496"	77° 58' 22.961"
97	97	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 31' 31.711"	77° 57' 54.334"
98	98	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 13.221"	77° 57' 12.109"
99	99	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 12.505"	77° 56' 24.875"
100	100	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 31' 30.280"	77° 56' 18.434"
101	101	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 9.642"	77° 55' 52.669"
102	102	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 1.054"	77° 55' 16.170"
103	103	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 1.770"	77° 54' 41.818"
104	104	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 19.662"	77° 54' 14.622"

IndiaCode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
105	105 (एस 18)	उत्तरपूर्व – उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 37.553"	77° 53' 39.554"
106	106	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 32' 11.789"	77° 52' 50.172"
107	107	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 31' 38.153"	77° 52' 50.888"
108	108	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 31' 6.663"	77° 53' 18.084"
109	109	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 30' 30.879"	77° 52' 51.604"
110	110	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 30' 12.987"	77° 52' 22.977"
111	111	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 29' 51.517"	77° 52' 0.791"
112	112	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 29' 15.733"	77° 52' 0.075"
113	113	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 28' 57.126"	77° 52' 41.584"
114	114	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 28' 59.273"	77° 53' 24.525"
115	115	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 29' 28.616"	77° 53' 53.867"
116	116	उत्तर– उदेदुर्गम रिज़र्व वन	12° 29' 10.724"	77° 54' 23.210"
117	117	उत्तर– मारंदाहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 28' 32.077"	77° 53' 56.730"
118	118	उत्तर– मारंदाहल्ली एक्सटेंशन रिज़र्व वन	12° 28' 12.754"	77° 53' 10.211"
119	119	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 27' 57.009"	77° 52' 25.124"
120	120 (एस 17)	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 27' 59.156"	77° 51' 14.272"
121	121	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 27' 22.657"	77° 51' 32.164"
122	122	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 26' 48.305"	77° 51' 32.880"
123	123	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 26' 28.981"	77° 51' 59.360"
124	124	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 25' 27.433"	77° 51' 49.340"
125	125 (एस 16)	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 25' 5.247"	77° 51' 14.988"
126	126 (एस 15)	उत्तर– अयुर एक्सटेंशन I रिज़र्व वन	12° 24' 8.709"	77° 51' 2.106"
127	127	उत्तर – गुल्लाट्टी रिज़र्व वन	12° 24' 23.023"	77° 50' 12.008"

indiacode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
128	128	उत्तर – गुल्लाट्टी रिज़र्व वन	12° 24' 45.924"	77° 49' 17.617"
129	129 (एस 14)	उत्तर – गुल्लाट्टी रिज़र्व वन	12° 25' 26.718"	77° 48' 27.520"
130	130	उत्तर – गुल्लाट्टी रिज़र्व वन	12° 25' 5.247"	77° 47' 55.315"
131	131	उत्तर – गुल्लाट्टी रिज़र्व वन	12° 24' 2.268"	77° 47' 26.688"
132	132	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 23' 9.308"	77° 46' 28.718"
133	133	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 23' 29.347"	77° 45' 45.778"
134	134	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 24' 14.435"	77° 45' 33.611"
135	135	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 24' 54.512"	77° 45' 3.553"
136	136	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 24' 37.336"	77° 44' 3.436"
137	137	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 25' 1.669"	77° 43' 36.956"
138	138	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 25' 51.051"	77° 43' 36.956"
139	139 (एस 12)	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 36.138"	77° 43' 27.653"
140	140	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 31.128"	77° 42' 50.438"
141	141	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 56.177"	77° 42' 36.124"
142	142	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 17.531"	77° 41' 56.046"
143	143	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 32.560"	77° 41' 31.713"
144	144	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 30.413"	77° 40' 59.508"
145	145	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 26' 52.599"	77° 40' 32.312"
146	146	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 27' 11.922"	77° 40' 7.264"
147	147	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 27' 40.549"	77° 40' 5.833"
148	148	उत्तर – पनाई रिज़र्व वन	12° 27' 59.872"	77° 39' 36.490"
149	149 (एस 11)	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 28' 25.636"	77° 39' 42.215"
150	150	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 12.871"	77° 39' 17.882"
151	151	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 20.027"	77° 39' 55.097"
152	152 (एस 10)	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 50.086"	77° 40' 5.833"
153	153	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 35.772"	77° 39' 34.343"
154	154	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 29' 52.233"	77° 39' 19.314"
155	155	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 30' 23.007"	77° 39' 21.461"
156	156	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 30' 30.879"	77° 38' 39.952"
157	157	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 30' 55.928"	77° 38' 19.913"
158	158	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 31' 34.574"	77° 38' 10.609"

Indiacode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु के अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
159	159	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 31' 56.044"	77° 37' 52.717"
160	160	उत्तर - जवालागिरि रिज़र्व वन	12° 32' 5.348"	77° 37' 21.228"

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रमुख स्थानों के अक्षांश-देशांतर

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु का अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
1	1	पश्चिम-नंदीमंगलम ग्राम	12°27'32"	77°38'24"
2	2	डोम्बाकल्लू के समीप, उलीबंद रिज़र्व वन की पश्चिमी सीमा	12°26'33"	77°38'29"
3	3	पश्चिम -सूलकुंटा ग्राम	12°25'44"	77°39'11"
4	4	पश्चिम - मदक्कल से सुलकुंता रोड के समीप	12°25'18"	77°39'45"
5	5	पश्चिम - होसाडोडी ग्राम और उलीबंडा रिजर्व वन के मध्य की पूर्वी सीमा	12°24'36"	77°40'22"
6	6	पश्चिम-कारडिक्कल ग्राम सड़क बिंदु	12°23'43"	77°41'1"
7	7	पश्चिम-मारीयालम्बेटा राजस्व पहाड़ी	12°23'15"	77°41'57"
8	8	पश्चिम-मारीयालम ग्राम की सीमा	12°23'15"	77°42'57"
9	9	पश्चिम-मारीयालम्बेटा राजस्व भूमि	12°22'26"	77°43'12"
10	10	पश्चिम -अंचेट्टी ग्राम	12°21'42"	77°43'38"
11	11	पश्चिम - तमासेनपल्ली ग्राम के समीप	12°20'47"	77°44'33"
12	12 (क्यू)	पश्चिम-उबरानी रिज़र्व वन की सीमा के समीप	12°20'35"	77°43'37"
13	13	दक्षिणपश्चिम - उबरानी रिज़र्व वन	12°19'26"	77°43'37"
14	14	दक्षिणपश्चिम - उबरानी रिज़र्व वन	12°18'19"	77°43'2"
15	15	दक्षिणपश्चिम - उबरानी रिज़र्व वन	12°17'12"	77°43'27"
16	16	दक्षिणपश्चिम - उबरानी रिज़र्व वन	12°16'4"	77°43'44"
17	17 (पी)	दक्षिणपश्चिम -	12°16'13"	77°44'45"

IndiaCode

क्र. सं.	प्रमुख बिंदुओं की पहचान	प्रमुख बिंदु का अवस्थान/ दिशा	अक्षांश (उ) डी एम एस प्रारुप	देशांतर (पू) डी एम एस प्रारुप
		सेसुराजपुरम ग्राम के समीप		
18	18	दक्षिण - ईथाकिनारू राजस्व भूमि के समीप	12°16'18"	77°46'7"
19	19	दक्षिण - बिलिगंडुलु रिज़र्व वन	12°16'33"	77°47'0"
20	20	दक्षिण - बिलिगंडुलु रिज़र्व वन	12°16'24"	77°47'50"
21	21	दक्षिण - बिलिगंडुलु रिज़र्व वन	12°16'6"	77°48'32"
